शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

मध्यावधि परीक्षा अभ्यास पत्र (सत्र: **2026-27)**

कक्षा: **VI** ; विषय: विज्ञान **(086)**

अवधि: **2.30** घंटे अधिकतम अंक: **60**

सामान्य निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में खण्ड क, ख, ग, घ और ङ हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक अंकित हैं।
3. खण्ड क (प्रश्न संख्या 1, I-XII) में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
4. खण्ड ख (प्रश्न संख्या 2-5) में अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
5. खण्ड ग (प्रश्न संख्या 6-8) में लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।
6. खण्ड घ (प्रश्न संख्या 9-11) में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
7. खण्ड ड़ (प्रश्न संख्या 12-15) में केस आधारित या स्रोत आधारित प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में तीन उपभाग हैं।
8. कोई समग्र विकल्प नहीं है। जबकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का ही उत्तर देना है।

| खंड क | | |
|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | प्रश्न | अंक |
| 1. | प्रश्न 1-12 में सही विकल्प चुनें। | |
| I | रिया ने अपने स्कूल के बगीचे में एक कौआ, एक गिलहरी और एक तितली देखी। इनमें से कौन- सी विशेषता उसे ,इन सभी को जीवित प्राणियों के रूप में पहचानने में मदद करती है?<br>A) उनके रंग अलग-अलग हैं।<br>B) वे स्वयं चल सकते हैं।<br>C) वे केवल खुले में ही पाए जाते हैं।<br>D) वे आकार में छोटे होते हैं। | 1 |
| II | निम्नलिखित में से कौन- सा आवास मेंढक का है?<br>A) रेगिस्तान B) तालाब<br>C) पर्वत शिखर D) हिमक्षेत्र | 1 |
| III | सदाबहार के पौधे में-<br>A) मूसला जड़ें और पत्तियों में जालिकारूपी शिरा-विन्यास होता है।<br>B) मूसला जड़ें और पत्तियों में समांतर शिरा-विन्यास होता है।<br>C) रेशेदार जड़ें और पत्तियों में जालिकारूपी शिरा-विन्यास होता है।<br>D) रेशेदार जड़ें और पत्तियों में समांतर शिरा-विन्यास होता है। | 1 |
| IV | निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्वस्थ नाश्ता है?<br>A) चिप्स B) शीतल पेय<br>C) फलों का सलाद D) नूडल्स | 1 |
| V | निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ चुंबक द्वारा आकर्षित होता है?<br>A) प्लास्टिक B) लोहे की कील<br>C) रबड़ D) लकड़ी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| VI | जब स्वतंत्र रूप से लटका हुआ चुंबक स्थिर अवस्था में आता है, तो वह किस दिशा में इंगित करता है?<br>A) पूर्व-पश्चिम दिशा<br>B) उत्तर-दक्षिण दिशा<br>C) ऊपर-नीचे दिशा<br>D) कोई भी दिशा | 1 |
| VII | राहुल अपनी नोटबुक की लंबाई एकदम सही रूप से मापना चाहता है। इसके लिए उसे कौन- सा उपकरण इस्तेमाल करना चाहिए?<br>A) धागा B) स्केल<br>C) बालिश्त (हैंडस्पैन) D) तराजू | 1 |
| VIII | निम्नलिखित पदार्थों में से कौन- सा पदार्थ पानी में अघुलनशील है?<br>A) चीनी B) नमक<br>C) चाक पाउडर D) ग्लूकोज | 1 |
| IX | कोई सामग्री (जब उनके आयतन समान हो) भारी है या हल्की है इसका पता जिस गुण से माप कर किया जा सकता है,वह है-<br>A) कठोरता B) द्रव्य<br>C) द्रव्यमान D) स्थान | 1 |
| X | निम्नलिखित में से कौन-सी सामग्री जल को अवशोषित कर सकती है?<br>A) प्लास्टिक B) कांच<br>C) कपास D) इस्पात | 1 |
| XI | निम्नलिखित में से कौन सा नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन है?<br>A) कोयला B) पेट्रोलियम<br>C) सूर्य का प्रकाश D) प्राकृतिक गैस | 1 |
| XII | किसान मुख्य रूप से निम्नलिखित कारणों से खेतों में खाद डालते हैं:<br>A) मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए<br>B) मिट्टी का रंग बदलने के लिए<br>C) मिट्टी की उर्वरता कम करने के लिए<br>D) जल की मात्रा में वृद्धि के लिए | 1 |
| | खंड ख | |
| 2. | <u>(A) अथवा (B) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>A. एक ऐसे पौधे का नाम बताइए, जिस का तना<br>i. कोमल और पतला हो एवं<br>ii.कठोर और पतला हो<br>अथवा<br>B. आरोही लता (क्लाइम्बर) और विसर्पी लता (क्रीपर) के मध्य एक अंतर लिखिए। | 2 |
| 3. | हमें प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी क्यों पीना चाहिए? कोई दो बिंदु बताइए। | 2 |
| 4. | <u>(A) अथवा (B) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>A. चुंबक क्या होता है? चुंबक के दो ध्रुवों के नाम बताइए।<br>अथवा<br>B. दैनिक जीवन में चुम्बकों के अनेक उपयोग हैं। दो उदाहरण दीजिए।. | 2 |
| 5. | चुंबकीय और गैर-चुंबकीय पदार्थ क्या होते हैं? प्रत्येक को एक उदाहरण सहित समझाइये। | 2 |

<table>
<tr><td colspan="3">खंड ग</td></tr>
<tr><td>6.</td><td><u>(A) अथवा (B) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>कक्षा में आयोजित एक गतिविधि के दौरान, छात्रों ने घर के बने भोजन और पैकेटबंद भोजन की तुलना की। इनमें से कौन- सा सामान्यतः अधिक स्वास्थ्यवर्धक है और क्यों?<br>अथवा<br>B.मोहन प्रतिदिन फल और सब्जियां खाता है। ये खाद्य पदार्थ उसे कैसे लाभ पहुंचाते हैं? एक ऐसे खाद्य पदार्थ का नाम बताइए जिस में आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>प्राकृतिक संसाधन क्या हैं? घर पर जल संरक्षण में सहायक एक गतिविधि का नाम बताइए।</td><td>3</td></tr>
<tr><td>8.</td><td><u>(A) अथवा (B) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>A. निम्नलिखित सामग्रियों को द्युतिमय (चमकदार) और द्युतिहीन (चमकहीन) के रूप में वर्गीकृत करें:<br>लोहा, तांबा, कागज, लकड़ी, रबड़, सोना<br>अथवा<br>B. पारदर्शी, पारभासी और अपारदर्शी वस्तुओं में प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिए।</td><td>3</td></tr>
<tr><td colspan="3">खंड घ</td></tr>
<tr><td>9.</td><td>दिए गए वाक्यों को पूरा करें (दिए गए विकल्पों में से चुनें)<br>i. पक्षियों के __________ होते हैं जो उन्हें उड़ने में मदद करते हैं। (फेफड़े/पंख)<br>ii. ऊँट __________ में रहने के लिए अनुकूलित होता है। (पहाड़/मरुस्थल)<br>iii. मछलियाँ जल में __________(पंख/गलफड़े) की सहायता से सांस लेती हैं।<br>iv. जिस स्थान पर कोई जीव रहता है, उसे उसका __________ कहते हैं। (आवास/आश्रय)<br>v. कैक्टस का मोटा तना उसे __________ संग्रहित करने में मदद करता है। (वायु/जल)</td><td>5</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>मिलान कीजिए।<br><table>
<tr><td>स्तंभ A</td><td>स्तंभ B</td></tr>
<tr><td>1. दिल्ली और मुंबई के बीच की दूरी</td><td>a. सेंटीमीटर</td></tr>
<tr><td>2. सिक्के की मोटाई</td><td>b. किलोमीटर</td></tr>
<tr><td>3. यह एक मानक इकाई नहीं है</td><td>c. मीटर</td></tr>
<tr><td>4. एक रबड़ (इरेज़र) की लंबाई</td><td>d. मिलीमीटर</td></tr>
<tr><td>5. विद्यालय के मैदान की लंबाई</td><td>e. बालिश्त (हैंडस्पैन)</td></tr>
</table></td><td>5</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 11. | <u>(I) अथवा (II) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>(I). a) रवि का परिवार खरीदारी करते समय कपड़े के थैले ले जाता है। इससे प्रकृति को किस प्रकार लाभ होता है?<br>b) हमें वनों की रक्षा क्यों करनी चाहिए? कोई दो बिंदु बताइए।<br>अथवा<br>(II).a) सूर्य के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसे किन्हीं तीन बिन्दुओं पर समझाइए।<br>b) वृक्षों को प्रकृति का खजाना क्यों कहा जाता है? | (3+2)=5 |
| | खंड ड़ | |
| 12. | लंच ब्रेक के दौरान अनन्या उतना ही खाना लेती है जितना वह खा सकती है। वह बचा हुआ खाना अपने दोस्तों के साथ बाँट लेती है और कभी भी खाना फेंकती नहीं है।<br>(a) अनन्या में कौन-सी अच्छी आदत है?<br>(b) हमें भोजन क्यों नहीं बर्बाद करना चाहिए? (कोई एक बिंदु)<br><u>(c) अथवा (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>(c) कोई दो बिंदु सुझाएं - अतिरिक्त भोजन का हम क्या कर सकते हैं जो अभी भी खाने के लिए सुरक्षित है?<br>अथवा<br>(d) अनन्या का व्यवहार उचित आहार को कैसे दर्शाता है? | 4 |
| 13. | नीना एक चुंबक के उत्तरी ध्रुव को दूसरे चुंबक के दक्षिणी ध्रुव के पास लाई और देखा कि वे एक-दूसरे की ओर बढ़ने लगे। फिर वह दो उत्तरी ध्रुवों को आमने सामने लाई।<br>(a) जब उत्तरी ध्रुव को दक्षिणी ध्रुव के पास लाया गया तो क्या हुआ?<br>(b) जब दो उत्तरी ध्रुवों को एक साथ लाया जाता है, तो यह चुम्बकों का कौन सा गुण प्रदर्शित करता है?<br><u>(c) अथवा (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>(c) यदि नीना गलती से चुंबक गिरा देती है, तो उसके ध्रुवों का क्या होगा?<br>अथवा<br>(d) दैनिक जीवन में चूंबक के दो व्यावहारिक उपयोग बताइए। | 4 |
| 14. | एक गतिविधि के हिस्से के रूप में, छात्र एक मेले में गए और अपने आसपास की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।<br>● एक साइकिल का घूमता पहिया<br>● झूला झूलता एक बच्चा<br>● सीधी सड़क पर चलती एक गाड़ी<br>● एक गोल घूमता हुआ झूला (मेरी- गो -राउंड)<br>(a) कौन सी वस्तु दोलन गति दर्शाती है?<br>(b) बताइए कि यह सत्य है या असत्य।<br>एक सीधी सड़क पर चलती हुई गाड़ी की गति रैखिक गति का एक<br><u>(c) अथवा (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u><br>(c) किसी वस्तु को गति में कब कहा जाता है?<br>अथवा<br>(d) दिए गए अनुच्छेद से उपयुक्त उदाहरण देकर वृत्ताकार गति को परिभाषित कीजिए। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | विज्ञान से संबंधित एक गतिविधि के दौरान, छात्रों ने विभिन्न वस्तुओं को एकत्र किया और उन्हें बनाने में प्रयुक्त सामग्रियों के अनुसार समूहों में वर्गीकृत किया। | 4 |

| वस्तु | सामग्री |
|---|---|
| चम्मच | स्टील |
| रबड़(इरेज़र) | रबड़ |
| मेज़ | लकड़ी |
| बोतल | प्लास्टिक |

(a) सूची में से कौन- सी वस्तु रबड़ से बनी है?

(b) चम्मच बनाने में प्रयुक्त सामग्री का नाम बताइए।

<u>(c) अथवा (d) में से किसी एक का उत्तर दीजिए:</u>

(c) हम वस्तुओं को उनके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के आधार पर क्यों वर्गीकृत करते हैं? दो कारण बताइए।

अथवा

(d) दिए गए अनुच्छेद से ऐसी दो वस्तुओं की पहचान कीजिए जो मानव निर्मित सामग्री से बनी हैं।